जय राजस्थान

दिनांक : 19 फरवरी, 2019

बेहतर परवरिश से बच्चों के भविष्य को कैसे संवारे

उदयपुर, 18 फरवरी। बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए यदि तीन घटको लगाव स्वनियमन और पहल को सही ढंग से अवलोकित करे तो एक अभिभावक बच्चे के विकास का आंकलन कर सकते है-बाल विशेषज्ञ देवाशीषमिश्रा

उदयपुर जिले में फोस्टरकेयरसोसायटी द्वारा सीरी, लैम्ब इंटरनेशनल एवं बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर के सहयोग से12 देखभालकर्ताओ व भावी पोषक देखभालकर्ता की सकारात्मक अभिभावकता एवं बाल विकास पर दो दिवसीय पशिक्षण हुआ।कार्यशाला के इन दो दिवसों में सकारात्मक व बेहतर परवरिश को लेकर बाल विकास के विभिन्न चरण व घटको से परिजनों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण में सामुदायिक भागीदारी से ब%चों के बेहतर लालन-पालन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई देखभालकर्ताओ की व्यक्तिगत चुनौतियों पर समाधान दिए गए।

फोस्टरकेयरसोसायटी की अध्यक्षा डॉ शिल्पा महता ने बताया कि राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण ऐजेंसी, बाल कल्याण समिति के सहयोग से अभी तक 11 बच्चों को फोस्टरकेयर से जोडा गया है।इस पशिक्षण का संचालन फोस्टरकेयरसोसायटी की अध्यक्षा डॉ शिल्पा ने किया जिसमें अन्य सदस्य के रूप में राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहणऐजेंसी के सामाजिक कार्यकर्ता दिनबन्धु, फोस्टरकेयरसोसायटी के सदस्य कुसुम पालीवाल, अंजुम शेख, विवेक अग्रवाल, अनुराग महता व अनुराधा ने भाग लिया।